# एचआर एमआई (हर-मी) डेटा सुरक्षा और गोपनीयता नीति

अपने नागरिक और राजनीतिक अधिकार मेट्रिक्स विकास के हिस्से के रूप में एचआरएमआई (हर-मी) व्यक्तिगत और संवेदनशील जानकारी एकत्र करता है। ये दो डेटा समूह अलग-अलग संग्रहित किए जाते हैं:

1. संभावित विशेषज्ञ सर्वेक्षण उत्तरदाताओं और उन्हें नामांकित करने वाले लोगों के बारे में नाम और संपर्क विवरण सहित व्यक्तिगत जानकारी।
2. हमारे वार्षिक विशेषज्ञ सर्वेक्षण पर प्रतिक्रियाएं (अज्ञात/गुमनाम)।

हमसे अपनी किसी भी व्यक्तिगत जानकारी की प्रति मांगने का, और यदि आपको लगता है कि जानकारी ग़लत है या स्थायी रूप से हटा दी गई है, तो उसे सही करने के लिए कहने का, आपको अधिकार है। यदि आप अपनी जानकारी की प्रति मांगना चाहते हैं, या इसे सही कराना या स्थायी रूप से हटाना चाहते हैं, तो कृपया हमसे यहाँ संपर्क करें survey@humanrightsmeasurement.org

निम्नलिखित बताता है कि हम उपरोक्त जानकारी को कैसे सुरक्षित रखते हैं।

## 1. संभावित सर्वेक्षण उत्तरदाताओं के नाम और संपर्क विवरण

यह जानकारी दो चरणों में एकत्रित की जाती है। पहले, मानवाधिकार पेशेवर और कार्यकर्ताओं को इस सर्वेक्षण में समाविष्ट करने के लिए एचआरएमआई नियुक्त राजदूत उन्हें एक सुरक्षित ऑनलाइन प्रपत्र (फॉर्म) के जरिये नामांकित कर सकते हैं। इन राजदूतों में हमारे स्थानीय भागीदार, हमारे विश्वसनीय साथी संगठनों मे कार्यरत लोग, और कुछ मामलों में, मौजूदा सर्वेक्षण उत्तरदाता शामिल हैं। उसके बाद नामांकित लोगों से पूछा जाता है कि वे सर्वेक्षण में भाग लेना चाहते हैं या नहीं। अगर वे सहमत होते हैं, तो वे एक सुरक्षित ऑनलाइन सहमति / पंजीकरण प्रपत्र (फॉर्म) के द्वारा अपना नाम और ई-मेल पता हमें प्रदान करते हैं। हमारी सुरक्षा नीति की ये कुछ प्रमुख विशेषताएँ हैं:

- सारे ऑनलाइन प्रपत्र एचआरएमआई के वेबसाईट पर संचित किये जाते हैं, जिसके पास एसएसएल प्रमाणपत्र है और जो एचटीटीपीएस (https) द्वारा सुरक्षित किया गया है। इसका मतलब है कि जानकारी पारगमन में सुरक्षित (इन्क्रिप्ट) की गयी है।

- सहमति / पंजीकरण प्रपत्र के जरिए प्रस्तुत नाम और ई-मेल पते सीधे (इन्क्रिप्टेड रूप में) हमारे क्लायंट रिलेशनशिप मैनेजमेंट सॉफ्टवेयर (सीआरएम) को भेजे जाते हैं। यह क्लाउड-आधारित सीआरएम 27001, 27017 और 27018 सहित आय एस ओ (ISO) के सभी उचित सुरक्षा मानकों से प्रमाणित है, जो यह निश्चित करते हैं कि सारी जानकारी इन्क्रिप्टेड रूप में प्राप्त, प्रबंधित और बरकरार रखी गयी है। इस सीआरएम की पहुँच या उसमें प्रवेश केवल न्यूज़ीलैण्ड स्थित एचआरएमआई कर्मचारियों के एक छोटे गुट तक ही सीमित है।

- एचआरएमआई इस जानकारी का उपयोग इन सभी संभावित सर्वेक्षण उत्तरदाताओं को अपने ऑनलाइन विशेषज्ञ सर्वेक्षण का एक अनूठा लिंक भेजने के लिए करता है।

- जिन लोगों के नाम सर्वेक्षण में समाविष्ट करने के लिए नामांकित किये गये हैं, लेकिन जिन्होंने सहमति प्रपत्र को न भरा हो, उनके नाम सीआरएम डेटाबेस में नहीं जोडे जाते, और सारा नामांकन विवरण प्रत्येक वर्ष के डेटा प्रकाशन के बाद मिटाया जाता है।

## 2. सर्वेक्षण प्रतिक्रियाएँ

हमारा सर्वेक्षण क्वाल्ट्रिक्स (Qualtrics) वेबसाइट पर स्थित है जिसके पास एसएसएल प्रमाणपत्र है और जो एचटीटीपीएस (https) द्वारा सुरक्षित किया गया है। इसका मतलब है कि दर्ज की गई और प्रेषित सभी जानकारी इन्क्रिप्ट की गयी है। आयपी पते (IP addresses) संग्रहित *नहीं किये जाते*। क्वाल्ट्रिक्स में पाये गए प्रतिक्रियाओं के डेटा की पहुँच केवल जॉर्जिया विश्वविद्यालय (यूजीए) के सेंटर फॉर दी स्टडी ऑफ ग्लोबल इशूज़ (ग्लोबिस ) में स्थित एचआरएमआई के कर्मचारियों के एक छोटे गुट तक ही सीमित है।
सर्वेक्षण उत्तरदाताओं के लिए मुख्य संभावित खतरा यह है कि अगर उनका ई-मेल हैक हो जाता है अथवा उन पर निगरानी रखी जा रही है, तो प्रतिरोधी घटक यह देख पाएंगे कि वे एचआरएमआई के संपर्क में हैं और जान जाएंगे कि वे शायद हमारे नागरिक और राजनीतिक अधिकारों के मापनीय गुणों (मैट्रिक्स) के विकास में योगदान दे रहें हैं।[1] लेकिन वे संभवतः प्रस्तुत की गयी सर्वेक्षण जानकारी तक पहुंचने में सक्षम नहीं होंगे। इसका एकमात्र अपवाद यह होगा कि उत्तरदाता इस तरह की प्रतिवादी निगरानी में है, उदाहरण के लिए, जिसमें की-लॉगिंग शामिल है, और इस मामले में यह संभव है कि उत्तरदाताओं की कुछ सर्वेक्षण प्रविष्टियां असुरक्षित हो। यदि यह चिंता का विषय है, तो हम सर्वेक्षण उत्तरदाताओं को आग्रहपूर्वक प्रोत्साहन देते हैं कि वे इस सर्वेक्षण को विश्वसनीय, व्यक्तिगत और गैर-साझा उपकरणों के जरिए भरें, जिनपर उनका पूर्ण नियंत्रण है। इसके साथ ही अपने आप को ऑनलाइन निगरानी से बचाने के लिये वे अन्य निम्नलिखित निर्देशों का (हमारी वेबसाईट पर सूचीबद्ध) पालन करें।

[1] इस खतरे को कम करने के लिए हम संभावित सर्वेक्षण उत्तरदाताओं को वे स्वयं ऑनलाइन निगरानी से कैसे बच सकते है, इस बारे में जानकारी प्रदान करते हैं।

क्वाल्ट्रिक्स के माध्यम से एचआरएमआई जो सर्वेक्षण प्रतिक्रियाएँ प्राप्त करता है, वे अज्ञात होती हैं। अर्थात हम प्रतिक्रियाओं को व्यक्तिगत सर्वेक्षण उत्तरदाताओं के साथ नहीं जोड़ते हैं। हालांकि कुछ दुर्लभ मामलों मे प्रदान की गयी गुणात्मक प्रतिक्रियाओं का संभावित रूप से कुछ उत्तरदाताओं की पहचान करने के लिए उपयोग किया जा सकता है। इसलिए हमने 1 (गोपनीय) से लेके 3 (सार्वजनिक) तक डेटा सुरक्षा के तीन विभिन्न स्तरों की पहचान की है।

- **1 - गोपनीय:** क्वाल्ट्रिक्स के माध्यम से यूजीए स्थित एचआरएमआई के कर्मचारियों को जो प्रारंभिक कच्चा डेटा प्राप्त होता है, उसमें सभी गुणात्मक और मात्रात्मक प्रतिक्रियाएँ शामिल हैं। प्रसंस्करण के बाद ये डेटा क्वाल्ट्रिक्स सर्वर से मिटा दिया जाता है। केवल वहीं लोग जिनको सुरक्षा प्रशिक्षण मिला है और जो संबंधित अनुसंधान कर रहें हैं इस डेटा तक पहुँच सकते हैं। जो भी जानकारी संभावित रूप से उत्तरदाताओं की पहचान कर सकती है, वह अंत में नष्ट की जाती है।

- **2 - अनुसंधान डेटा**: सर्वेक्षण प्रतिक्रियाएँ जिनसे पहचान चिन्हों को पूरी तरह मिटा दिया गया है, जिनका एचआरएमआई के अनुसंधान और मापनीय गुणों (मैट्रिक्स) की गणना में उपयोग होता है, उन्हें किसी विशेष सुरक्षा की जरूरत नहीं होती क्योंकि डेटा पूरी तरह अनामी होता है। इस डेटा को एचआरएमआई के प्रकाशनों के साथ प्रतिकृति डेटा के रूप में ऑनलाइन साझा किया जा सकता है।

- **3 - सार्वजनिक**: समेकित डेटा एचआरएमआई के राईट्स ट्रैकर पर एचआरएमआई मैट्रिक्स के रूप में प्रकाशित किया जाता है और एचआरएमआई के वेबसाईट से सीधे डाऊनलोड किया जा सकता है।